कृष्णबाग कॉलोनी में दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस ने पेश किया चालान

तीन माह पहले सिक्युरिटी गार्ड ने वारदात को दिया था अंजाम

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

श्वान को घुमाने को लेकर हुए विवाद में चौकीदार ने पड़ोस में रहने वाले दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। यह सनसनीखेज वारदात खजराना थाना क्षेत्र के कृष्णबाग कॉलोनी में हुई थी। इस घटना को सिक्युरिटी गार्ड राजपाल सिंह राजावत, उसके बेटे सुधीर सिंह और भतीजे शुभम ने अंजाम दिया था। इसके पश्चात पुलिस ने 1 सितंबर को आरोपी का घर भी जमींदोज कर दिया था।

घटना के तीन माह बाद पुलिस ने कोर्ट में 750 पेज का चालान पेश किया है। चालान में पुलिस ने 51 गवाहों के नाम भी लिखे हैं, जो आरोपी के विरुद्ध कोर्ट में बयान दे सकते हैं। पुलिस का मानना है कि घटना के समय सभी गवाह और जितने भी वीडियो सामने आए थे, उसके आधार पर कोर्ट गोली मारने वाले आरोपियों को कड़ी सजा सुना सकता है। इस मामले में जल्द ही ट्रायल शुरू किया जाएगा।

क्या है पूरा मामला

17 अगस्त को आरोपी राजपाल सिंह ने अपने पालतू श्वान को टहलने के लिए गली में छोड़ा था। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाले ललित का श्वान भी घर से बाहर आ गया, तभी विमल घर के बाहर आ गया और उसने राजपाल सिंह के श्वान को पत्थर मार दिया, जिसके बाद दोनों में कहासुनी हो गई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि राजपाल सिंह ने हवाई फायरिंग की, जिसके बाद विमल और राहुल घर गोली चला दी। गोली लगने से विमल और उसके साले राहुल की मौत हो गई। वहीं गोली के छर्रे लगने से राहुल की पत्नी ज्योति, ललित, कमल, मोहित और सीमा घायल हो गए थे। विमल का निपानिया में सैलून है। 8 साल पहले उसकी शादी राहुल की बहन आरती से हुई थी। उनकी दो बेटियां भी हैं।

इंदौर। एयरपोर्ट रोड पीतियाखाल स्थित प्राचीन महंसदास मठ पर शुक्रवार को धनतेरस के उपलक्ष्य में मठ परिसर में 3100 दीपों से सजावट कर दीपोत्सव का शुभारंभ हुआ। मठ के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर रवामी रामवरणदास महाराज ने सभी देवालयों में पूजा-अर्चना कर दीपप्रज्जलित किए। मठ के प. पवनदास महाराज ने बताया कि इस अवसर पर रामलला के दरबार सहित भगवान टीकमजी, रणछोड़जी तथा मठ स्थित प्राचीन महालक्ष्मी मंदिर एवं अन्य सभी देवालयों को दीपों से जगमगाया गया है। संपूर्ण परिसर में आकर्षक रोशनी कर हंसदास विद्यापीठ के पेदापाठी बटुकों द्वारा दीप आराधना भी की गई। इसके साथ ही दीपावली पर पुष्प सज्जा की जाएगी। | पीपुल्स समाचार

कस्टम विभाग ने जांच के बाद पकड़ा, तीन दिन में दूसरी कार्रवाई

एयरपोर्ट पर दुबई के यात्री से मिला 61 लाख का सोना

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

विधानसभा चुनाव के चलते सोना और नकदी लाने-ले जाने वालों पर जिला प्रशासन व अन्य विभागों द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार रात 1 बजे एयरपोर्ट पर दुबई से आ रहे यात्री से कस्टम विभाग ने 61 लाख का सोना जब्त किया है। यात्री यूपी का रहने वाला है। उससे सोना लाने संबंधी पूछताछ की जा रही है। तीन दिन पहले भी कस्टम विभाग ने यूपी के व्यापारी से सोना पकड़ा था। यात्री कैप्सूल में सोने का पेस्ट बनाकर लाया था। जब्त सोना 111.50 ग्राम बताय जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि कस्टम टीम को एयर इंटेलीजेंस यूनिट की ओर से सूचना मिली थी। उसके बाद दुबई से एयर इंडिया की उड़ान में इंदौर पहुंचे यात्री को एयरपोर्ट पर कस्टम की टीम ने रोककर तलाशी ली। पेंट की जिप के भीतर उसने सोना छुपाया था। प्लास्टिक की पतली पट्टीनुमा संरचना के भीतर सोने को पेस्ट के रूप में बदलकर रखा गया था।

इंडोनेशिया की सिगरेट भी- यात्री के बैग की तलाशी ली तो उसमें विदेशी सिगरेट भी बरामद हुई। कस्टम विभाग के अनुसार कुल 3840 सिगरेट मिली। ये सिगरेट इंडोनेशिया की थी। मामले में कस्टम विभाग ने आयकर विभाग को भी जानकारी दी है।

आदतन अपराधी डकैती डालने से पहले पकड़ाए

टीनशेड के नीचे बना रहे थे योजना

इंदौर। टीनशेड के नीचे बैठकर 6 आदतन बदमाश पेट्रोल पंप पर डकैती डालने की योजना बना रहे थे। पुलिस के पहुंचने से वे सफल नहीं हो सके। चंदननगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि 6 संदिग्ध युवक नावदा पंथ के आगे रोड किनारे टीन शेड में बैठकर डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी ने तत्काल टीम को मौके पर रवाना किया। टीम ने दबिश देकर वहां से परमिंदर सिंह बरनाला निवासी आकाश नगर, मलखान सिंह निवासी आकाश नगर, प्रदीप मिश्रा निवासी हुकमाखेड़ी मल्टी राजेन्द्र नगर, कौशल बजाज निवासी राजनगर, विनायक अग्निहोत्री निवासी सुदामा नगर तथा मो. शाहरुख निवासी सिरपुर को पकड़ा। आरोपियों से तलवार, फरसा, लोहे की रॉड, डंडे तथा मिर्ची पाउडर जब्त किया।

अवकाश, निर्वाचन कार्य से मुक्ति संबंधी आवेदन प्रतिबंधित

इंदौर। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए निर्वाचन कार्य संपादन के लिए अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई हैं। अधिकारी-कर्मचारियों की आवश्यकता को देखते हुए इंदौर जिले के समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए आगामी आदेश तक समस्त प्रकार के अवकाश, निर्वाचन कार्य से मुक्ति संबंधी आवेदन 10 नवम्बर से प्रतिबंधित किए गए हैं। समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि उपरोक्त संदर्भ में किसी भी प्रकार के अवकाश, निर्वाचन कार्य मुक्ति संबंधी आवेदन अग्रेषित नहीं करें।

दीपावली के दूसरे दिन बड़े पैमाने पर चलाया जाएगा सफाई अभियान

स्वच्छता अभियान को लेकर निगम प्रशासन सजग

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

दीपावली को लेकर शहर में उत्साह बना हुआ है। इस बड़े त्योहार पर अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक मात्रा में सूखा कचरा निकला है। सूखे कचरे को संग्रहित करने डोर टू डोर कचरा गाड़ियों के फेरे बढ़ाए गए हैं। बड़े कम्पार्टमेंट की गाड़ियों से कचरा लिया जा रहा है। यह सिलसिला 12 नवंबर तक लगातार चलता रहेगा। इसी क्रम में दीपावली के दूसरे दिन पटाखे और अन्य कचरा उठाने के लिए गाड़ियां घर पहुंचेंगी। वहीं सफाई में शहर को नंबर वन का पुरस्कार दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सफाईमित्र भी कार्य में जुट जाएंगे। इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी सफाईमित्रों को आदेशित कर दिया है। यह सफाईमित्र सुबह 7 बजे तक पूरी बस्ती को चकाचक कर देंगे, जबकि दीपावली के दिन शासकीय विभागों में ऐच्छिक अवकाश रहेगा। विधानसभा चुनाव के चलते कर्मचारी अवकाश पर तो रहेंगे, लेकिन चुनाव संबंधी कार्य से उन्हें विरक्त नहीं किया जाएगा। वे कार्यालयीन कार्य से मुक्त रहेंगे। उल्लेखनीय है कि चुनाव में मतदान 17 नवंबर को है। ऐसे में दीपावली का पर्व निपटते ही मतदान संबंधी सारे कार्य जोर पकड़ने लगेंगे। मतदान दलों का प्रशिक्षण खत्म होने के बाद उन्हें निर्धारित स्थान पर ड्यूटी के लिए तैयार किया जाएगा।

आचार संहिता के दौरान एक करोड़ 32 लाख रु. की अवैध सामग्री जब्त

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
editor@peoplessamachar.co.in

जिले में विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर आदर्श आचरण संहिता और आबकारी अधिनियम का प्रभावी पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी के निर्देश पर उक्त संबंध में अभियान चलाकर आबकारी विभाग के अमले द्वारा कार्यवाही लगातार की जा रही है। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि आबकारी विभाग के अमले द्वारा आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही इसके पालन संबंधी कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि विगत 9 अक्टूबर से 9 नवंबर तक एक माह में अवैध मदिरा विक्रय, संग्रह और निर्माण करने वालों, शराब की तस्करी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की गई। इस दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं में 1724 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इन प्रकरणों में 23 हजार 100 लीटर अवैध मदिरा, 63 हजार 832 किलोग्राम महुआ लहान तथा 18 वाहन जब्त किए गए हैं। उक्त जब्त समस्त सामग्री की कीमत लगभग एक करोड़ 32 लाख 51 हजार 133 रुपए है। इस अवधि में मदिरा दुकानों पर भी लगातार निगरानी की गई है।

1724 प्रकरण पंजीबद्ध कर 23100 लीटर शराब जब्त

एसपीजी ने किया पीएम के रूट मार्ग का निरीक्षण

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को लेकर प्रशासन और भाजपा संगठन स्तर पर जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। यह रोड शो आगामी 14 नवंबर को एयरपोर्ट से शुरू होगा। रोड शो वाले मार्ग का शुक्रवार को एसपीजी ने सघन निरीक्षण किया। विधानसभा चुनाव में दोनों दलों के प्रत्याशियों के टिकट वितरण के बाद स्टार प्रचारकों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है, जो आगामी 15 नवंबर तक चलेगा। स्टार प्रचारकों के आगमन के चलते एयरपोर्ट पर सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं भी चाक-चौबंद की जा रही है। दो दिन पहले कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने विधानसभा क्षेत्र एक के प्रत्याशी संजय शुक्ला के समर्थन में रोड शो किया था। इसी विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय के लिए प्रधानमंत्री खुद रोड शो करेंगे। ट्रैफिक पुलिस के उपायुक्त मनीष अग्रवाल ने बताया कि रोड शो को लेकर सुरक्षा के माकूल इंतजाम किए जाएंगे। रोड शो को लेकर शुक्रवार को दिल्ली से एसपीजी की टीम इंदौर आई। टीम ने एयरपोर्ट से लेकर बड़ा गणपति, राजवाड़ा, मुगनवनी, नगर निगम, रामबाग से मरीमाता चौराहा, किला मैदान रोड तक निरीक्षण किया। एसपीजी ने अहिल्या प्रतिमा के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से कारकेट लगाने के भी निर्देश दिए हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री राजवाड़ा स्थित मां अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। सूत्रों की मानें तो प्रधानमंत्री के रोड शो से विधानसभा एक के साथ तीन को भी बल मिलेगा।

14 को होगा रोड शो, अहिल्या प्रतिमा भी जाएंगे

टेक्सटाइल एसोसिएशन की एमपी इकाई के चुनाव में प्रीति सर्वा अध्यक्ष निर्वाचित की गई

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
editor@peoplessamachar.co.in

द टेक्सटाइल एसोसिएशन (इंडिया) की एमपी इकाई ने हाल ही में अपने 2023 से 2025 कार्यकाल के चुनाव में डॉ. पीएन मिश्रा को टेक्सटाइल एसोसिएशन (इंडिया) एमपी इकाई के ट्रस्टियों में से एक और प्रीति सर्वा को अध्यक्ष के रूप में चुना, जो कि इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, आईपीएस एकेडमी, इंदौर की प्रिंसिपल भी हैं, यह पद उन्हें सर्वसम्मति से प्रदान किया गया। अन्य दो निर्वाचित ट्रस्टी वीके पोरवाल और वीपी गुप्ता हैं। इसके अलावा डॉ. प्रो. राजीव गुप्ता को चेयरमैन चुना गया। डॉ. पीएन मिश्रा ने बताया कि मानद सचिव अजय शंकर जोशी और जॉइंट सेक्रेटरी डॉ. केएन मिश्रा और साक्षी गुप्ता होंगे। कोषाध्यक्ष विजय मुवेल होंगे। उपाध्यक्ष का पद खाली है।

पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन द्विसाप्ताहिक चलेगी

इंदौर। पातालपानी से कालाकुंड के मध्य संचालित की जा रही पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन तत्काल प्रभाव से द्विसाप्ताहिक चलाने का निर्णय लिया गया है। बता दें कि गाड़ी संख्या 52965/52966 पातालपानी कालाकुंड पातालपानी हेरिटेज ट्रेनका परिचालन यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए द्विसाप्ताहिक से त्रिसाप्ताहिक किया गया था।

शिक्षक अब विद्यार्थियों को कराएंगे ई-लाइब्रेरी डाउनलोड

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9009585701

कॉलेजों के विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत में सुधार लाने के लिए सभी कॉलेजों में ई-लाइब्रेरी मोबाइल एप्लीकेशन तैयार किया गया था। इसमें विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर पाठ्यक्रम की पुस्तकें उपलब्ध हैं, लेकिन विद्यार्थियों का रूझान कम दिखाई दे रहा है, जिसके चलते उच्च शिक्षा विभाग ने इसको लेकर समीक्षा की तो केवल 10 से 12 फीसदी विद्यार्थियों ने इसे डाउनलोड तो कर रखा है, लेकिन इसका उपयोग नहीं करते हैं। योजना को शुरू हुए दो साल हो चुके हैं, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है, जिसके चलते उच्च शिक्षा विभाग ने इन विद्यार्थियों के मोबाइल में डाउनलोड करने की जिम्मेदारी शिक्षक और स्टाफ को दी है।

विभाग ने यूजी और पीजी विद्यार्थियों के लिए नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर से मोबाइल एप्लीकेशन बनाया है और इसे संचालित भी वे करते हैं। लगभग दो साल पहले इसे बनाया है, लेकिन कॉलेजों में विद्यार्थियों को ठीक से नहीं बताया है, क्योंकि सरकारी कॉलेजों में विद्यार्थियों की उपस्थित बेहद कम रहती है। विभाग ने बीते दिनों समीक्षा की, जिसमें कॉलेज प्रबंधन की तरफ से भी विद्यार्थियों की समस्या को रखा गया। साथ ही पाठ्यक्रम पुस्तकों की स्थिति भी ठीक नहीं है। कई लेखकों की किताबें एप्लीकेशन में नहीं है इसके चलते विद्यार्थियों ने ई-लाइब्रेरी में पंजीयन नहीं कराया है।

आईसीएसआई का परिणाम घोषित

इंदौर। देशभर में आयोजित आईसीएसआई एग्जीक्यूटिव प्रवेश परीक्षा का परिणाम शुक्रवार दोपहर में घोषित किया गया। परीक्षा में 62.44 प्रतिशत उम्मीदवार सफल रहे। इंदौर चैप्टर के चेयरमैन सीएस शिवम बघेल ने बताया कि आईसीएसआई अगली परीक्षा 6 जनवरी, 2024 को होगी जिसके लिए रजिस्ट्रेशन 15 दिसंबर तक खुले हैं। आगामी 21 नवंबर से इंदौर चैप्टर पर भी न्यूनतम फीस पर सीएसआई आई जनवरी सेशन के लिए ऑनलाइन क्लासेस करवाई जाएगी। आईसीएसआई की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है, जिससे उम्मीदवार परिणाम एवं ई-मार्क्स विवरण भी डाउनलोड कर सकते हैं।

बाल विवाह की रोकथाम के लिए दल का गठन

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
editor@peoplessamachar.co.in

जिले में 23 नवंबर देवउठनी ग्यारस के अवसर पर विवाह एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होंगे। इनमें बाल विवाह की रोकथाम के लिए कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में दल का गठन किया गया है।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी सामूहिक विवाह के आयोजन की अनुमति चुनाव आचार संहिता 2023 की गाइडलाइन का पालन करते हुए जारी करेंगे। उक्त आयोजन में वर की आयु 21 वर्ष एवं वधू की आयु 18 वर्ष से कम न हो की शर्त का पालन भी कराया जाएगा। वर-वधू की सूची मय छायाचित्रों एवं आयु प्रमाण सामूहिक विवाह आयोजित करने वाले संयोजक को अनुमति हेतु आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगी, अन्यथा सामूहिक विवाह आयोजित करने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। अंतरविभागीय समन्वय से बाल विवाह की सूचना एवं रोकथाम हेतु देवउठनी ग्यारस 23 नवम्बर को ब्लॉक स्तर पर एक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। बाल विवाह रोकथाम के लिए गठित दल द्वारा बाल विवाह पर निगरानी रखी जाएगी। गठित दल द्वारा क्षेत्राधिकार में यदि कोई बाल विवाह का प्रकरण पाया जाता है तो विवाह में सेवा देने वाले सेवा प्रदाताओं एवं विवाह संपन्न कराने वालों के विरुद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

ICICI Home Finance | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एक्पलोरा टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400059, भारत
शाखा कार्यालय : उपर मंजिल तल, जेड-18, एमपी नगर, जोन-1, मिरेकल्स हॉस्पिटल, भोपाल (म.प्र.)-462011

[नियम 8(6) के परंतुक देखें]
अचल संपत्ति के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) 2002 नियमावली के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस,
एतद्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका सांकेतिक कब्जा अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस लिमिटेड, नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा;

क्र. सं.	ऋणी का नाम/सह ऋणी/गारंटर/कानूनी वारिस/ ऋण खाता संख्या	सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण, यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना जमा	संपत्ति निरीक्षण का तिथि व समय	नीलामी की तिथि और समय
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)	(G)
1.	राजकुमार जैन (ऋणदाता) प्रेरणा जैन (सह-ऋणदाता) शांती लाल जैन (सह-ऋणकर्ता) ऋण खाता नं. NHSJP00000912403 LHIND00001374024	प्रथम मंजिल ग्राम मापुरा कृष्णा धाम शाजापुर मध्य प्रदेश-465001	Rs. 13,09,166/- अक्टूबर 30, 2023	Rs. 25, 11,000/- / Rs. 2,51,100/-	दिसम्बर 04, 2023 11:00 AM 03:00 PM	दिसम्बर 19, 2023 02:00 PM 03:00 PM

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन प्लेव टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक-https://BestAuctionDeal.com/) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वाली/नोटिस को 18 दिसम्बर 2023, सायं 05.00 बजे से पहले तक अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।
संभावित बोलीदाताओं को आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, उपर मंजिल तल, जेड-18, एमपी नगर, जोन-1, मिरेकल्स हॉस्पिटल, भोपाल (म.प्र.)-462011 में 18 दिसम्बर2023 को शाम 04:00 बजे तक या उससे पहले बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस / डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) / कॉलम ई देखें) जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, उपर मंजिल तल, जेड-18, एमपी नगर, जोन-1, मिरेकल्स हॉस्पिटल, भोपाल (म.प्र.)-462011 को 18 दिसम्बर 2023 या इससे पहले 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) शाजापुर - में देय "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड -नीलामी" के पक्ष में एक राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक से होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के नियमों और शर्तों या निविदाओं को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी आवश्यक स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 022-69974300 या हमारी सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें https://www.icicihfc.com/
दिनांक : नवम्बर 11, 2023
स्थान : शाजापुर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड